**OFFICE OF THE PRINCIPAL,**
**GOVERNMENT MEDICAL COLLEGE, PURNEA**
Line Bazar Purnea – 854301 (Bihar)
**(An Institution of Govt. of Bihar)**
write us : govt.mcpurnea@gmail.com Visit us : https://gmchpurnea.com

Letter No..2103.. Date:..11./.09./2026

**निविदा की शर्त्तें हैः-**

**निविदा दो प्रकार की होगीः- (क) तकनिकी निविदा, (ख) वित्तिय निविदा** दोनों प्रकार की निविदा अलग-अलग लिफाफे में मुहरबंद होनी चाहिए तथा संबंधित लिफाफे के ऊपर तकनिकी एवं वित्तीय निविदा स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। प्रत्येक लिफाफे पर निविदादाता का नाम एवं पूर्ण पता मोबाईल नं० सहित होना चाहिये। दोनों मुहरबंद लिफाफे को एक अलग बड़े लिफाफे में मुहरबंद होना चाहिए। अगर दोनों निविदा निबंधित डाक द्वारा अलग-अलग समर्पित की जाती है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

1. निविदा के साथ अग्रधन राशि के रूप में प्राचार्य, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, पूर्णियाँ के पदनाम से जारी रू० मो० 3,00,000/- (तीन लाख) रूपये मात्र का राष्ट्रीय बैंक ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य है। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, पूर्णियाँ के कार्यालय से हाथो-हाथ या प्राचार्य, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, पूर्णियाँ के खाता संख्या- 0011300100001966, IFSC Code-PUNB0001130, PNB GMCH, Branch, Purnea में निविदा शुल्क राशि 5,000/- मो० (पाँच हजार) रूपये मात्र जमा कर निविदा की नियम शर्त्तों को प्राप्त किया जा सकता है। जिसकी पावती रसीद निविदादाता को निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। स्मरण रहे कि पावती रसीद निविदा के साथ संलग्न नहीं करने वाले निविदादाता के निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा
2. निविदा के साथ पैन कार्ड की छायाप्रति, निबंधन प्रमाण पत्र, आयकर रिटर्न प्रमाण पत्र एवं पिछले तीन वर्षों का जी०एस०टी० संबंधित अद्यतन प्रमाण पत्र, नेटवर्थ प्रमाण पत्र तथा जी०एस०टी० छूट होने की स्थिति में भी अद्यतन जी०एस०टी० क्लीयरेन्स प्रमाण पत्र जो की लेखाकार द्वारा प्रमाणित एवं हस्ताक्षरित होंगे संलग्न करना अनिवार्य होगा एवं पैन कार्ड कम्पनी या फर्म के नाम से होना अनिवार्य है।
3. निर्यात (Export) एवं आयात (Import) का सर्टिफिकेट, Trade License, आई०एस०ओ० 9001:2015, बैंक शोधन क्षमता प्रमाण की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य हैं। तथा टर्नओवर प्रमाण पत्र की मूल प्रति जो लेखाकार द्वारा प्रमाणित एवं हस्ताक्षरित होना अनिवार्य है।
4. किसी भी सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में पुस्तकों एवं जर्नलों की आपूर्त्ति करने संबंधी में से कम 3 (तीन) वर्ष या उससे अधिक क्रयादेश संबंधी प्रमाण पत्र संलग्न करने वाले फर्म को निविदा में प्राथमिकता दी जाएगी। बिहार के किसी भी

1179

Scanned with OKEN Scanner

सरकारी महाविद्यालयों के द्वारा प्रमाणित संतोषजनक सेवाओं का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

5. निम्न शर्त्तों के साथ प्रथम न्यायिक दण्डाधिकारी का रूपये मो० 1000/- (एक हजार) रूपये का शपथ पत्र की मूल प्रति जो कि फर्म Proprietor/ निदेशक द्वारा स्टाम्प एवं स्वहस्ताक्षरित हो तकनीकी निविदा में संलग्न करना अनिवार्य है।
   (i) निविदा में दिए गए सभी शर्त्ते मुझे मान्य है।
   (ii) मेरे फर्म का नाम कभी भी, किसी भी अपराधिक मामले में दर्ज नहीं है, तथा न्यायालय द्वारा मेरे फर्म को दंडित नहीं किया गया है।
   (iii) पुस्तकों एवं जर्नलों का दर प्रकाशन दर से अधिक नहीं है।
6. सभी पुस्तकों/जर्नलों की आपूर्त्ति एफ०ओ०आर० केन्द्रीय पुस्तकालय, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, पूर्णियाँ होगी।
7. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित रहेगा। दी गई शर्त्तों में किसी भी शर्त्त को पूरा नहीं करने की स्थिति में निविदा अस्वीकार दी जायेगी। तकनिकी तथा वित्तिय निविदा में निविदादाता द्वारा स्वयं से दिए गए नियम एवं शर्त्त होने पर निविदा स्वतः रद्द मानी जायेगी।

08. किसी तरह के विवाद का निपटारा, पूर्णियाँ (बिहार) स्थित न्यायालय में होगा।
09. अंतिम प्राप्त तिथि के बाद प्राप्त निविदा पर विचार हेतु खोला नहीं जायेगा।
10. निविदा टंकित/कम्प्युटराईज्ड होना अनिवार्य है। निविदा में कहीं भी हाथ से लिखा मान्य नहीं होगा।
11. तकनिकी निविदा के साथ शपथ पत्र/घोषणा पत्र स्टाम्प में (दिए गए प्रारूप में नोटरी से अभिप्रमाणित) कर प्रस्तुत करना होगा।
12. निविदादाता के खाता में ऑनलाईन भुगतान की सुविधा के लिए बचत बैंक खाता/चालू बैंक खाता पासबुक की फोटोकॉपी बैंक द्वारा सत्यापित निविदा के साथ जमा की जानी है।
13. निविदादाता को किसी भी सरकारी या पी०एस०यू० संगठन द्वारा कभी भी ब्लैकलिस्ट नहीं किया जाना चाहिए। इस आशय का एक प्रथक शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि बाद में किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि निविदादाता को ऊपर बताए अनुसार काली सूची में डाल दिया गया है, तो ऐसे आपूत्तिकर्त्ता को दिया गया ऑर्डर को रद्द माना जायेगा, और जमा की गई ई०एम०डी० जब्त कर ली जायेगी।

2103
11/09/26

11/9/9

Scanned with OKEN Scanner

14. आपूत्तिकर्त्ता को क्रय आदेश प्राप्ति के 20 दिनों के अंदर सभी पुस्तकों को आपूर्त्ति करनी होगी। निर्धारित अवधि में विलम्ब होने पर एक हजार रूपया प्रतिदिन के हिसाब से विलम्ब अधिकतम 30 दिनों के लिए शुल्क लगेगा अथवा क्रयादेश के 60 वें दिन भी आपूर्त्ति नहीं करने के उपरांत क्रयादेश रद्द कर दिया जायेगा।
15. मेडिकल बुक्स एवं जर्नल्स की आपूर्त्तिकर्त्ता को जी०ओ०सी० का सदस्य होना अनिवार्य होगा। मेडिकल बुक्स एवं जर्नल्स के लिए Flat छूट देना अनिवार्य होगा तथा अधिकतम् छूट देने वाले निविदादाता को प्राथमिकता दी जायेगी। आपूत्तिकर्त्ताओं को मेडिकल बुक्स एवं जर्नल्स की आपूर्त्ति महाविद्यालयों के केन्द्रीय पुस्तकालय में करना होगा इसके लिए किसी भी प्रकार का अग्रिम अथवा अलग-अलग से किसी भी प्रकार का राशि देय नहीं होगा।
16. निविदा में पुस्तक/जर्नल हेतु अलग-अलग किन्तु समेकित फ्लैट छूट संबंधी विवरण देना आवश्यक होगा।
17. निविदा में संलग्न सभी पृष्ठ पृष्ठांकित होंगे तथा निविदादाता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होंगे एवं निविदा के प्रथम पृष्ठ पर निविदा में संलग्न सभी कागजातों की सूची (Index), विवरणी टंकित करना अनिवार्य है।
18. पुस्तकों/जर्नलों का अधिकतम् मूल्य प्रकाशकीय दर से अधिक नहीं होनी चाहिए। विपत्र के साथ प्रकाशक दर की मूल्य सूची/कैटलग भी देंगे।
19. मेडिकल पुस्तकों/जर्नल्सों की सूची केन्द्रीय पुस्तकालय में कार्य दिवस में 12:00 बजे पूर्वाहन् से 4:00 बजे अपराहन् तक निःशुल्क प्राप्त कर हैं या के वेबसाईट https://gmchpurnea.com पर देखी जा सकती है।
20. एक एक्सेल शीट वित्तीय निविदा में पुस्तकों/जर्नलों की सूची का मूल्य भारतीय रूपये में GST रहित एवं GST सहित तथा तकनिकी निविदा में प्रत्येक तकनीकी दस्तावेज़ की एक सॉफ्ट कॉपी/पेन ड्राइव के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
21. निविदा हेतु Excel Sheet का प्रारूप।

| Sl No. | Author | Name of Books | Price | Discount | Total |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

2103
11/09/26

Hirh 11.9.26

प्राचार्य
राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, पूर्णियाँ।

Scanned with OKEN Scanner

OFFICE OF THE PRINCIPAL,
GOVERNMENT MEDICAL COLLEGE, PURNEA
Line Bazar Purnea – 854301 (Bihar)
(An Institution of Govt. of Bihar)
write us : govt.mcpurnea@gmail.com Visit us : https://gmchpurnea.com

Letter No................ Date:....../......./2026

# शपथ पत्र

(निम्न शपथ पत्र स्टाम्प पेपर पर नोटरी से अभिप्रमाणित कर प्रस्तुत करना होगा)

1. जी०एस०टी० नियम लागू होने के बाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, पूर्णियाँ के निविदा में मेरे द्वारा दिए गये जर्नलों में छूट (प्रतिशत में) किसी भी शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्था को दिए गए छूट (प्रतिशत में) से कम नहीं है।
2. निविदा में उल्लेखित सभी शर्त्तें मुझे मान्य है।

स्थानः-.................

दिनांकः-.................

निविदा प्रतिभागी/फर्म का नाम तथा पूर्ण पताः-

1. मोबाईल नं०-...............................
2. ईमेल आईडी०-...............................
3. टेलीफोन नं०-...............................

159

Scanned with OKEN Scanner

OFFICE OF THE PRINCIPAL,
GOVERNMENT MEDICAL COLLEGE, PURNEA
Line Bazar Purnea – 854301 (Bihar)
(An Institution of Govt. of Bihar)
write us : govt.mcpurnea@gmail.com Visit us : https://gmchpurnea.com

Letter No................ Date:....../......./2026

# शपथ पत्र

(निम्न शपथ पत्र स्टाम्प पेपर पर नोटरी से अभिप्रमाणित कर प्रस्तुत करना होगा)

1. मैं/हम भारत का नागरिक हूँ/हैं।
2. मैं/हम भारत संविदा के अधिनियम के अनुसार निविदा करने के लिए सक्षम हूँ/हैं।
3. मैं/हम वस्तुओं का दर प्रदाय करने के कारण बिहार शासन/केन्द्रीय शासन न किसी भी विभाग के द्वारा बहिष्कृत/काली सूची/अयोग्य नहीं किया गया हूँ/हैं।
4. मैं/हम किसी भी ऐसे निविदा प्रतिभागी के जो की बिहार शासन/केन्द्रीय शासन के किसी भी विभाग के द्वारा बहिष्कृत/काली सूची/अयोग्य किया गया हो न तो अधिकृत हूँ/हैं और न ही उसके लिए कार्य करता हूँ/करते हैं।
5. मुझे/हमें निविदा शर्त्त पूर्ण रूप से मान्य है तथा किसी भी शर्त्त के उल्लघंन होने पर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, पूर्णियाँ की कार्यवाही करने का अधिकार रहेगा।

स्थानः-.................

निविदा प्रतिभागी/फर्म का नाम तथा पूर्ण पताः-

दिनांकः-.................

1. मोबाईल नं०-...............................
2. ईमेल आईडी०-...............................
3. टेलीफोन नं०-...............................

1159

Scanned with OKEN Scanner